H -

हिंदी अध्यापक मंच (HAM)

SSLC Model Examination MARCH 2023

Score:40 HINDI - SET 2 Time : $1^{1}/_{2}$ hrs

सामान्य निर्देश :

- पहला 15 मिनिट के समय प्रश्नों का वाचन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- सूचनाओं को ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना: "बीरबहूटी" कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पाँचवीं का रिजल्ट आ गया । दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवी तक ही था।
" साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे?"
बेला ने पूछा और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला ? साहिल ने पूछा।
मेरे पापा कह रहे थे कि तुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाएँगे और तुम ?
मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे ।

1. सही विकल्प चुनकर लिखें। (1)

   (क) तुम + का = तुम्हारे (ख) तुम + को = तुम्हारे

   (ग) तुम + से = तुम्हारे (घ) तुम+ के = तुम्हारे

2. साहिल और बेला अलग- अलग स्कूलों में क्यों जा रहे थे ? (1)

3. कल से बेला की मुलाकात नहीं होगी। साहिल बहुत दुखी था। साहिल की संभावित **डायरी** तैयार करें। (4)

सूचना: "आई एम कलाम के बहाने " फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।

हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला- बदली का । यानी मेरे टिफिन के राजमा - चावल उसके और उसके घर से आया बड़ा - सा छाछ का डिब्बा मेरा ।

4. उनका सौदा क्या था ? (1)

5. वे खेल घंटी में खाने की अदला- बदली करते हैं । इस प्रसंग के आधार पर मिहिर और मोरपाल के बीच का **बातचीत** लिखें। (4)

HINDI ADHYAPAK MANCH

सूचना: " सबसे बड़ा शो मैन " जीवनी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 6 और 7 के उत्तर लिखें ।

कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की ।चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार । दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था ।उसने जन्म ले लिया था ।

6. **वाक्य पिरमिड** की पूर्ति करें। (2)

(दुनिया के, सबसे बड़े)

यह पहला शो था।

यह शो मैन का पहला शो था।

. . . .

. . . .

7. सबसे बड़ा शोमैन का पहला शो था । चार्ली चैप्लिन नामक फिल्मी सितारे का उदय हुआ था। इसके संबंध में अगले दिन समाचार पत्र में एक रपट आया था। **रपट** तैयार करें। (4)

सूचना: " अकाल और उसके बाद " कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 8 और 9 के उत्तर लिखें।

दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद।

8. "कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद" इन पंक्तियों में कौन- सी हालत का वर्णन किया है?

(अकाल का, अकाल के बाद का, गरीबी का) (1)

9. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें। (4)

HINDI ADHYAPAK MANCH

सूचना: "ठाकुर का कुआँ " कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 10 और 11 के उत्तर लिखें।

> जोखू ने लोटा मुँह से लगाया तो पानी में सख्त बदबू आयी। गंगी से बोला - यह कैसा पानी है ? मारे बास के पिया नहीं जाता । गला सूखा जा रहा है और तू सड़ा पानी पिलाई देती है !

10. जोखू पानी पी नहीं सका । कारण क्या था ? (1)

11. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें। (4)

सूचना: "बसंत मेरे गाँव का " लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 12 और 13 के उत्तर लिखें।

> फूलदेई की विदाई के साथ बसंत का यह उत्सव समाप्त हो जाता है । अंतिम दिन इकट्ठी की गई सामग्री से सामूहिक भोज बनाया जाता है । इस आयोजन में बड़ों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित होती है । बाकी सारे काम बच्चे करते हैं ।

12. फूलदेई के त्योहार में बड़ों की भूमिका क्या है ? (1)

13. सही मिलान करें। (3)

फूलदेई का त्योहार	सामूहिक भोज
दक्षिणा में मिली सामग्री	सलाह देना
बड़ों की भूमिका	बसंत का उत्सव

HINDI ADHYAPAK MANCH

सूचना: "दिशाहीन दिशा " यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।

> "तुम्हें कोई गालिब की चीज़ याद हो, तो सुनाओ।" बूढ़े मल्लाह ने एतराज नहीं किया । चुपचाप अविनाश का कोट पहन लिया और ग़ालिब की एक ग़ज़ल सुनाने लगा ।

14. "एतराज करना " का मतलब क्या है ? (1)

(क) इनकार करना (ख) इज्ज़त करना

(ग) इशारा करना (घ) इनाम करना

15. " दिशाहीन दिशा " यात्रावृत्त के आधार पर अब्दुल जब्बार के **चरित्र की तीन विशेषताएँ** चुनकर लिखें। (3)

- अब्दुल जब्बार एक ग़ज़ल गायक है।
- अब्दुल जब्बार भोपाल ताल में नाव खेता है।
- अब्दुल जब्बार दैनिकी का संपादक है।
- अब्दुल जब्बार विनयशील आदमी है।
- अब्दुल जब्बार घमंडी आदमी है।

सूचना: " बच्चे काम पर जा रहे हैं " कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।

दुनिया की हज़ारों सड़कों से गुज़रते हुए बच्चे, बहुत छोटे- छोटे बच्चे काम पर जा रहे हैं।

16 " बच्चे काम पर जा रहे हैं " कविता में चर्चित सामाजिक समस्या क्या है? (1)

(जाति प्रथा, बालश्रम, ल़ड़की- लड़का भेदभाव)

17. जून 12 बालश्रम विरुद्ध दिवस के सिलसिले में कासरगोड़ सरकारी स्कूल के हिंदी मंच के नेतृत्व में बच्चों के अधिकार विषय पर संगोष्ठी होनेवाली है ।इसकेलिए एक **पोस्टर** तैयार करें। (4)

. . . .

HINDI ADHYAPAK MANCH